डीबीएस कॉलेज व मुक्त विवि के बीच हुआ करार

- डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीसी पांडेय व मुक्त विवि के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने किए हस्ताक्षर



समझौता पत्र दिखाते अधिकारी।

देहरादून, 13 जून (नवोदय टाइम्स) : डीबीएस (पीजी) कॉलेज व उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के बीच अकादमिक व शोध क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए एमओयू हुआ है। इस अनुबंध पर डीबीएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय व उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने हस्ताक्षर किए हैं।

डीबीएस कॉलेज पिछले 63 वर्ष से यहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित महाविद्यालय रहा है। यहां पर शोध व कौशल विकास पर काफी काम हुआ है। इस मौके पर डीबीएस पीजी कालेज के प्राचार्य वीसी पांडेय ने कहा कि इस करार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक व अनुसंधान के क्षेत्र गुणवत्ता व रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसका फायदा कालेज के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से हुआ यह अनुबंध प्रदेश के उच्च शिक्षा व कौशल विकास के लिए बहुत फायदेमंद होगा। छात्रों के हुनर में भी इजाफा होगा। इससे उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

इस मौके पर रसायन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. अजय कुमार भी मौजूद थे।

डीबीएस कालेज और यूओयू मिलकर करेंगे अकादमिक शोध

जागरण संवाददाता, देहरादून : डीबीएस कालेज और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) मिलकर अकादमिक एवं शोध के क्षेत्र में कार्य करेंगे। डीबीएस कालेज के प्राचार्य डा. वीसी पांडेय और यूओयू के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने एमओयू में हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थान मिलकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शोधपरक व कौशल विकास के कार्य एक-दूसरे से साझा करेंगे।

एमओयू के बाद डीबीएस कालेज के प्राचार्य डा.वीसी पांडेय ने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विवि के साथ हुआ करार मील का पत्थर साबित होगा। बताया कि डीबीएस पीजी कालेज पिछले 63 सालों से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है। इस एमओयू से न केवल हमारे छात्रों को लाभ मिलेगा, वरन यूओयू के छात्र भी लाभ प्राप्त करेंगे।

डीबीएस पीजी कालेज एवं उत्तराखंड मुक्त विवि के मध्य अकादमिक एवं शोध क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने पर एमओयू पर हस्ताक्षर करते अधिकारी • साभार- विवि

डीबीएस कालेज में सेमेस्टर सिस्टम से स्नातक और स्नातकोत्तर में कला एवं विज्ञान वर्ग की स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित की जाती हैं।

यूओयू-डीबीएस कॉलेज में शोध को लेकर करार

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि एवं डीबीएस पीजी कॉलेज देहरादून के बीच अकादमिक और शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करने को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। बीते सोमवार को दोनों संस्थानों के बीत यह करार हुआ। इस करार पर यूओयू की तरफ से कुलसचिव प्रो. पीडी पंत और डीबीएस की ओर से कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीपी पांडे ने हस्ताक्षर किए।

प्रो. पंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक और शोध गतिविधियों में गुणवत्ता और इन्हें प्रोत्साहन देने के के लिए दूसरे संस्थानों से अनुबंध किए जाने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शोध में सुधार लाने के उद्देश्य से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अन्य संस्थानों से लगातार अनुबंध कर रहा है।

डीबीएस कॉलेज और मुक्त विवि शोध क्षेत्र में करेंगे काम

देहरादून। डीबीएस पीजी कॉलेज और मुक्त विश्वविद्यालय साथ मिलकर शोध क्षेत्र के अलावा अकादमिक क्षेत्र में भी कार्य करेंगे। इसके लिए दोनों के बीच बृहस्पतिवार को समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। करार में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीसी पांडेय और विवि के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत में हस्ताक्षर किए।

प्रो. वीसी पांडेय ने कहा, कॉलेज बीते 63 सालों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे में शोधपरक और कौशल विकास शिक्षा में तेजी से कार्य हो, इसके लिए यह करार महत्वपूर्ण साबित होगा। साथ ही इस करार से अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्ता एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इसका सीधा लाभ हमारे छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इस मौके पर कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. अजय कुमार भी मौजूद रहे। संवाद